मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.)India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक / स्था. / राजभाषा / 2025 / 735 दिनांक 15 / 04 / 2025

# // परिपत्र //

भारत शासन की राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान में राजभाषा समिति की तिमाही (01.01.2025 से 31.03.2025) बैठक दिनांक 24.03.2025 को निदेशक कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई थी। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित निर्णय (कार्यवृत्त) की प्रति संलग्न है। कृपया सभी विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष एवं शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक अधिकारी / कर्मचारी उनसे संबंधित राजभाषा हेतु लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें।

**संलग्न :** कार्यवृत्त।

15/04/25

सहायक कुलसचिव (स्थापना)

**प्रतिलिपिः**

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अनुभागीय अधिकारी / प्रभारी।

} को अधीनस्थ शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु।

4. डॉ सविता दीक्षित, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग एवं परामर्शदात्री राजभाषा समिति, मेनिट भोपाल।
5. प्रभारी, वेबसाइट अपलोड हेतु।
6. निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ।

# मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल

क्रमांक स्था./राजभाषा/2025/ 735 दिनांक 15/04/2025

## // बैठक के कार्यवृत्त //

संस्थान में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्य के क्रियान्वयन के संबंध में संस्थान राजभाषा समिति की तिमाही (01/01/2025 से 31/03/2025) बैठक दिनांक 24.03.2025 को हुई। संस्थान द्वारा हिन्दी में कार्य प्रगति पर संस्थान राजभाषा समिति के अध्यक्ष (निदेशक) महोदय द्वारा चर्चा की गई।

समिति द्वारा की गई चर्चा में निम्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया :-

1. संस्थान राजभाषा समिति की परामर्शदात्री डॉ सविता दीक्षित, प्राध्यापक, द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया।
2. परामर्शदात्री (राजभाषा) द्वारा उन सभी विभागों/केन्द्रों का उल्लेख किया गया जिनके द्वारा लेब मैन्युअल हिंदी मे अनुवाद किये जा चुके हैं एवं सभी का धन्यवाद किया गया। निदेशक महोदय द्वारा जिन विभागों/केन्द्रों मे लेब मैन्युअल हिंदी अनुवाद हिंदी का कार्य नहीं किया गया उनको एक सप्ताह की समय सीमा तक कार्य पूरा करने का डेडलाइन दिया गया है। सभी विभागों/केन्द्रों को इन लेब मैनुअल्स को वेबसाइट पर डिपार्टमेंट/केन्द्र के पेज पर अपलोड करने हेतु निवेदन किया गया।
3. संस्थान में होने वाली तकनीकी (टैक्निकल) कार्यशाला में किसी भी भाषण का एक संक्षिप्त भाग हिन्दी में किया जाना चाहिए।
4. सभी विभागों/केन्द्रों द्वारा आयोजित किये जाने वाले किसी भी कार्यक्रम के मिनट टू मिनट कार्यक्रम को द्विभाषी में जारी किया जाना चाहिए।
5. किसी भी छात्र गतिविधि के ब्रॉशर को द्विभाषी में बनवाने को निदेर्शित किया गया है।
6. निदेशक महोदय द्वारा निदेर्शित किया गया कि किसी भी भाषा के भाषण को हिन्दी में बदलने हेतु उपाय ढूंढने हेतु प्रयास किया जाना चाहिए।

सविता 3/4/25 08/04/25

7. निदेशक महोदय द्वारा पुस्तकालय अनुभाग को अनुवादिनी टूल एवं तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला करने हेतु निदेर्शित किया गया है।

अंत में संस्थान राजभाषा समिति की परामर्शदात्री महोदया द्वारा सभी को धन्यवाद के साथ बैठक का समापन किया गया ।

08/04/25
सहायक कुलसचिव (स्था.)

8/4/25
परामर्शदात्री, राजभाषा

09/4/2025
कुलसचिव
उपाध्यक्ष, राजभाषा

11.4.25
निदेशक
अध्यक्ष, राजभाषा

---

**समाप्त**